कोठारी इंटरनेशनल स्कूल, नौएडा

मध्यावधि परीक्षा, सत्र-2025-26

कक्षा: 7, विषय: हिंदी

भाग-2(साहित्य एवं लेखन), सेट-'बी'

दिन व दिनांक: गुरुवार-सितंबर 11, 2025

अधिकतम अंक : 40 | **समय सीमा: 2 घंटे**

नाम: ________________ | **अनुक्रमांक: ________**

सामान्य निर्देश -

i) इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 3 तथा कुल 6 प्रश्न हैं |

ii) इस प्रश्न-पत्र में दो खंड हैं-खंड क-'साहित्य' तथा खंड - ख 'लेखन'

iii) प्रश्न-1 के लिए 10 अंक - 5 उपप्रश्न ,प्रश्न-2 के लिए 9 अंक - 3 उपप्रश्न , प्रश्न 3 के लिए 6 अंक - 5 उपप्रश्न तथा प्रश्न 4 , 5, 6 के लिए 5-5 अंक निर्धारित हैं |

iv) सभी प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है |

v) उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न-पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ लीजिए|

खंड 'क' साहित्य **(25अंक)**

प्रश्न1) निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर 20-30 शब्दों में लिखिए- **(2×5=10)**

i) पाठ-'अपूर्व अनुभव' में किसी के पेड़ पर चढ़ने के कौन-कौन से नियम थे ? 2

ii) पाठ-'अपूर्व अनुभव' में माँ से झूठ बोलते हुए तोतो चान की नज़रें नीचे क्यों थी ? 2

iii) पाठ - 'मिठाईवाला' में मिठाईवाला के ऐसे कौन-से गुण बताए गए हैं जिनके कारण सब उससे आकर्षित होते थे ? 2

iv) पाठ- 'मिठाईवाला' में मिठाईवाला कौन-कौन से सामान लाया और क्यों ? 2

v) पाठ-'कठपुतली' में कठपुतली की क्या इच्छा थी और क्यों ? 2

vi) कविता -'शाम एक किसान' में मोर की आवाज़ के साथ ही क्या-क्या घटनाएँ होती हैं ? 2

प्रश्न2) निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 30-40 शब्दों में लिखिए- **(3×3=9)**

i) पाठ-'कठपुतली' में कठपुतली को धागों पर गुस्सा है| क्या कठपुतली का ऐसा करना उचित है ? कारण सहित लिखिए | 3

ii) पाठ - 'अपूर्व अनुभव' में तोत्तो-चान ने यासुकी-चान को अपने पेड़ पर चढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास किया | आप भी किसी ज़रूरतमंद की मदद करने के लिए किस प्रकार प्रयास कर सकते हैं ? लिखिए | 3

iii) पाठ - ' अपूर्व अनुभव' में एक स्थान पर कहा गया है, "यह यासुकी-चान के लिए अंतिम मौका था।" यह वाक्य लेखिका ने क्या सोचकर लिखा होगा ? लिखिए | 3

iv) पाठ- 'शाम एक किसान' में पहाड़ को एक किसान के रूप में दिखाया गया है| आप आसमान में उड़ते बादलों अथवा विशाल सागर को अपनी कल्पना में कैसा दर्शाना चाहेंगे ? लिखिए | 3

प्रश्न3) दिए गए पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए उचित विकल्प चुनकर लिखें - (1×6=6)

"खिलौनेवाले की मादक-मधुर आवाज़ सुनकर बच्चे चंचल हो उठते। उसके स्नेहपूर्ण कंठ से फूटती हुई आवाज सुनकर निकट के मकानों में हलचल मच जाती। गलियों तथा उनके भीतर स्थित छोटे-छोटे उद्यानों में खेलते और इठलाते हुए बच्चों का समूह अपनी जूते-टोपी को उद्यान में ही भूलकर उसे घेर लेता और वे अपने-अपने घरों से पैसे लाकर खिलौनों का मोल-भाव करने लगते।"

i) बच्चे कब चंचल हो जाते थे ? 1

क)खिलौनेवाले की आवाज़ सुनकर

ख)पापा से डांट खाकर

ग)खेलते हुए जीत कर

घ)सब्ज़ीवाले की आवाज़ सुनकर

ii) उद्यान कहाँ स्थित थे ? 1

क) शहरों में

ख) गाँव में

ग) गलियों में

घ) घर में

iii) बच्चे उद्यान में क्या भूल जाते थे ? 1

क)कॉपी-किताब

क) गेंद-बल्ला

ख) जूते-टोपी

घ)जूते-मोजे

Iv) कथन - खिलौनेवाले की आवाज़ बहुत मधुर-मादक थी | 1

कारण - उसको गाना आता था |

क) कथन और कारण दोनों गलत हैं |

ख) कथन गलत है लेकिन कारण सही हैं|

ग) कथन सत्य है कारण गलत है|

घ) कथन और कारण दोनों सही हैं||

v) सही अथवा गलत लिखिए - 1X2=2

(क)बच्चे खिलौनों का मोल-भाव करने लगते थे| ______________

(ख) बच्चे अपने-अपने घर से खाना लाकर मिठाईवाले को देते थे |________

खंड - ख 'लेखन' (15अंक)

प्रश्न4) निम्न विषयों में से किसी एक विषय पर 70-80 शब्दों का अनुच्छेद लिखिए- (5)

जब मैं परीक्षा कक्ष में देर से पहुँचा

अथवा

जब मेरी किताबें बोलने लगीं

प्रश्न5) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 8-10 वाक्यों की लघुकथा लिखिए - (5)

नानी की दुनिया (बिना गेजेट के जीवन)

अथवा

मुझे मिली जादुई गुड़िया

प्रश्न6) प्रस्तुत चित्र का वर्णन 7-8 पंक्तियों में कीजिए- (5)